पीसीबी का मौजूदा खिलाड़ियों के एक बड़े हिस्से पर भरोसा लगभग खत्म हो चुका है। बोर्ड अब इंग्लैंड में मिली हार को केवल एक खराब दौरे के रूप में नहीं देख रहा, बल्कि इसे टीम के व्यापक पुनर्निर्माण के मौके के तौर पर इस्तेमाल कर रहा है। - शोएब अख्तर

पूर्व पाक गेंदबाज, पाक टीम में चल रहे विवाद को लेकर।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — केविन पीटरसन

**इंग्लैंड** के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन को 2027 वनडे विश्व कप तक इंग्लैंड की पुरुष सीमित ओवर टीम का विशेषज्ञ मेंटर नियुक्त किया गया है। उनकी पहली जिम्मेदारी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाला सीमित ओवर दौरा होगा, जिसके बाद टीम दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगी। पीटरसन ने कहा, मुझे बेहद गर्व है कि मुझे दक्षिण अफ्रीका में विश्व कप जीतने के सफर में इस टीम की मदद करने के लिए कहा गया है। 2014 के बाद पहली बार इंग्लैंड की जर्सी पहनना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान और बेहद खास पल है। पीटरसन मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम के कोचिंग दल का हिस्सा होंगे।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारत में एशियन गेम्स (एशियाई खेल) अब तक दो बार आयोजित हुए हैं।

## राजस्थान क्रिकेट संघ की वार्षिक साधारण सभा 29 सितम्बर को : आरसीए प्रशासक

### आरसीए चुनाव को लेकर प्रक्रिया का अधिकारिक नोटिस जारी : ए.के. पांडे

जयपुर, 7 सितम्बर। राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा राजस्थान क्रिकेट संघ के संचालन के लिए नियुक्त प्रशासक वरिष्ठ आईएएस भास्कर ए सावंत (अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह विभाग) के निर्देशानुसार आज राजस्थान उच्च न्यायालय में प्रस्तुत शपथ पत्र (एफेडेविट) में दिए गए आरसीए चुनावों की विस्तृत समय सारणी के अनुसार आरसीए की चुनाव प्रक्रिया दिनांक 7 सितम्बर से 29 सितम्बर 2026के दौरान संपन्न किये जायेंगे।

आरसीए प्रशासक द्वारा आज राजस्थान क्रिकेट संघ की वार्षिक साधारण सभा आगामी 29 सितम्बर 2026को आयोजित किये जाने के निर्देश जारी करते हुए चुनाव नोटिस (प्रक्रिया) मय अधिकारिक वोटर लिस्ट व ऑडिटेट अकाउंट की सूचना आरसीए के सभी जिला क्रिकेट संघो को ईमेल व स्पीड पोस्ट के माध्यम से जारी किया गया। प्रशासक द्वारा 29 सितम्बर को आरसीए एजीएम आयोजित किये जाने के निर्देश जारी करने के पश्चात आरसीए चुनाव संपन्न कराने हेतु नियुक्त चुनाव अधिकारी ऐ के पांडे - पूर्व राज्य निर्वाचन आयुक्त ने आरसीए चुनाव प्रक्रिया को दिनांक 7 सितम्बर से 29 सितम्बर 2026 के दौरान संपन्न करने, चुनाव का नोटिस (प्रक्रिया) मय अधिकारिक वोटर लिस्ट व ऑडिटेट अकाउंट की सूचना आरसीए के सभी जिला क्रिकेट संघो को ईमेल व स्पीड पोस्ट के माध्यम से जारी किया गया। चुनाव अधिकारी ने 3 नए जिलों को आरसीए वोटर लिस्ट में शामिल किया है। इनमें खैरथल तिजारा, कुचामन डीडवाना और बालोतरा नए जिलों को शामिल किया गया है।

चुनावी कार्यक्रम के अनुसार- 7 सितंबर को चुनाव कार्यक्रम जारी करने के साथ जनरल मीटिंग का नोटिस भी जारी किया गया है। इसके बाद सबसे अहम चरण मतदाता सूची को लेकर होगा। 12 से 16 सितंबर तक मतदाता सूची पर आपत्तियां दर्ज की जा सकेंगी। इन आपत्तियों पर 16 से 21 सितंबर तक निर्वाचन अधिकारी के समक्ष सुनवाई होगी। इसके बाद 23 सितंबर को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। अंतिम सूची सामने आने के बाद राजस्थान क्रिकेट की सियासत में असली जोड़-तोड़ शुरू होने की संभावना है।

#### 24 को नामांकन, 28 तक नाम वापस लेने का मौका

अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के अगले दिन 24 सितंबर को उम्मीदवार नामांकन दाखिल कर सकेंगे। 25 सितंबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी और इसी दिन पात्र उम्मीदवारों की सूची जारी की जाएगी। उम्मीदवारों के पास 28 सितंबर तक नाम वापस लेने का मौका रहेगा। ऐसे में चुनाव निर्विरोध नहीं होता और मतदान की स्थिति बनती है तो 29 सितंबर को मतदान कराया जाएगा। मतदान के साथ ही उसी दिन परिणाम भी घोषित किए जाएंगे।

#### तीन नए जिले शामिल करने से बढ़े वोटिंग राइट

राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन में अब तक 33 जिला संघ थे। इनके अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष और सचिव तीन में से कोई भी चुनावी मैदान में उतर सकता था। जबकि सिर्फ सचिव के पास वोटिंग राइट होता था। चुनाव अधिकारी और प्रशासक ने तीन नए जिलों को शामिल कर दिया है। ऐसे में अब 108 लोग फिलहाल आरसीए चुनाव लड़ने योग्य हैं। आरसीए वोटर में 36 जिला सचिव के साथ ही राजस्थान से इंडिया खेलने वाले 2 खिलाड़ी पंकज सिंह और गगन खोड़ा भी वोट दे सकेंगे।

## जय शाह के ग्लोबल विजन के तहत भारत बनाम जापान ट्वंटी-20 मैच क्रिकेट विस्तार की बड़ी पहल : सैकिया

नई दिल्ली, 7 सितम्बर। बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया ने सोमवार को कहा कि भारत और जापान के बीच इस महीने होने वाला एकमात्र टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच नये दर्शकों को जोड़कर क्रिकेट को वैश्विक खेल बनाने की दिशा में अहम कदम बताया। जापान के आइची नागोया में 19 सितंबर से शुरू हो रहे एशियाई खेलों से पहले भारत और जापान पहली बार 22 सितंबर को जापान में ऐतिहासिक टी20 मैच खेलेंगे। मैच तोचिगी प्रांत के सानो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैदान पर खेला जायेगा।

सुजुकी कप के तहत होने वाला यह मैच भारत और जापान के राजनयिक रिश्तों की 75वीं सालगिरह पर आयोजित किया गया है। सैकिया ने कहा कि क्रिकेट को नये क्षेत्रों में ले जाने के आईसीसी अध्यक्ष जय शाह के प्रयासों के तहत इस मैच का आयोजन किया गया है। सैकिया ने एक्स पर लिखा ,'' क्रिकेट का वैश्विक सफर उन पलों से आकार ले रहा है जो इस खेल को इसकी पारंपरिक सीमाओं से आगे ले जाते हैं। 22 सितंबर 2026 को होने वाला भारत-जापान टी20 मैच भी ऐसा ही एक पल है, जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को जापान तक ले जा रहा है, नए दर्शकों से जोड़ रहा है और अपार संभावनाओं वाले इस क्षेत्र में खेल की मौजूदगी को मजबूत कर रहा है।''

उन्होंने आगे लिखा यह श्री जय शाह के उस विजन और जमीनी काम को पहचानने का भी मौका है जो उन्होंने बीसीसीआई सचिव और अब आईसीसी अध्यक्ष के तौर पर क्रिकेट के भविष्य में इसके वैश्विक विकास को सबसे अहम जगह देने के लिए किया है।'' भारत टी20 विश्व कप चैम्पियन और नंबर एक टीम है जबकि जापान आईसीसी टी20 रैंकिंग में 41वें स्थान पर है। भारत की कप्तानी श्रेयस अय्यर करेंगे जबकि उपकप्तान तिलक वर्मा, स्टार बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और संजू सैमसन भी टीम में हैं।

## दलीप ट्रॉफी फाइनल : ईशान किशन का तूफानी दोहरा शतक, ईस्ट जोन ने पहली पारी में बनाए 708 रन

चेन्नई, 7 सितंबर। कप्तान ईशान किशन की 270 रन की शानदार पारी और कुमार कुशाग्र के शतक की बदौलत ईस्ट जोन ने दलीप ट्रॉफी फाइनल में साउथ जोन के खिलाफ अपनी स्थिति बेहद मजबूत कर ली है। चेपॉक में मुकाबले के दूसरे दिन सोमवार को ईस्ट जोन की पहली पारी 708 रन पर समाप्त हुई। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में चेपॉक के मैदान पर यह तीसरा मौका है, जब किसी टीम ने 700 से अधिक रन बनाए हैं।

385 रन पर चार विकेट से आगे खेलने उतरी ईस्ट जोन की टीम ने दूसरे दिन भी शुरुआत से ही तेजी से रन बनाए। साउथ जोन ने एक ओवर के बाद ही नई गेंद ले ली, लेकिन मोहम्मद सिराज और एमडी निधीश विकेट हासिल नहीं कर सके। ईशान किशन ने सिराज के ओवर में लगातार चौके लगाकर शुरुआत की और निधीश को भी निशाना बनाया।

कुमार कुशाग्र ने भी उनका साथ दिया और दोनों बल्लेबाजों ने साउथ जोन के गेंदबाजों पर दबाव बनाए रखा। त्रिपुराना विजय और श्रेयस गोपाल को स्पिन के लिए उतारा गया, लेकिन इसका भी कोई खास असर नहीं हुआ। कुशाग्र ने श्रेयस गोपाल की गेंद पर चौके लगाकर अपना छठा प्रथम श्रेणी शतक पूरा किया। वह 101 रन बनाकर आउट हुए।

कुशाग्र के आउट होने के बाद भी किशन ने आक्रामक अंदाज जारी रखा। उन्होंने श्रेयस गोपाल के एक ओवर में तीन चौके जड़े और महज 270 गेंदों में अपना दोहरा शतक पूरा किया। इसके बाद किशन ने तेजी से 250 रन का आंकड़ा पार किया और टीम को 600 रन के पार पहुंचाया। साउथ जोन को उम्मीद थी कि ईस्ट जोन जल्द पारी घोषित कर देगा, लेकिन किशन के इरादे कुछ और थे। थकान के कारण उन्हें कुछ समय के लिए रिटायर होना पड़ा। बाद में मोहम्मद शमी के 28 रन पर आउट होने के बाद किशन फिर मैदान पर लौटे और दुर्लभ तिहरा शतक पूरा करने की कोशिश की।

दूसरे छोर पर लगातार विकेट गिरने के कारण किशन की तिहरे शतक की उम्मीद पूरी नहीं हो सकी। वह लॉन्ग ऑन के पास कैच देकर 270 रन पर आउट हुए और 300 रन से 30 रन दूर रह गए। उनकी पारी ने ईस्ट जोन को 708 रन के विशाल स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। 708 रन के जवाब में साउथ जोन के सामने अब थके हुए गेंदबाजों के बाद चुनौतीपूर्ण लक्ष्य है। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक ईस्ट जोन ने खिताब पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है।

## महिला एशिया कप : पाक कप्तान सना पर जुर्माना

दुबई, 7 सितंबर। पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम की कप्तान फातिमा सना पर भारत के खिलाफ महिला एशिया कप मुकाबले के दौरान शैफाली वर्मा को आउट करने के बाद विदाई इशारा (सेंड ऑफ) करने के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इसके साथ ही उनके खाते में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है। फातिमा को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की आचार संहिता के स्तर-1 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। उन्होंने अनुच्छेद 2.5 का उल्लंघन किया, जो बल्लेबाज के आउट होने के बाद ऐसे शब्दों, हरकतों या इशारों से संबंधित है, जो उसे अपमानित करें या आक्रामक प्रतिक्रिया के लिए उकसा सकते हैं। यह घटना भारत की पारी के दौरान शैफाली वर्मा के आउट होने के बाद हुई। फातिमा ने शैफाली का कैच लेने के बाद पवेलियन की ओर इशारा किया था। यह 24 महीने की अवधि में फातिमा का दूसरा अपराध है। इसके साथ ही उनके डिमेरिट अंकों की संख्या बढ़कर दो हो गई है।

## आईओए विशेष बैठक में एनएसजीए 2025 के अनुरूप संविधान संशोधनों पर लगाएगा मुहर

नई दिल्ली, 7 सितम्बर। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) मंगलवार को यहां होने वाली अपनी आम सभा की विशेष बैठक (एसजीबीएम) में अपने संविधान में राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम (एनएसजीए) 2025 के अनुरूप किए गए बदलावों को मंजूरी देगा। आईओए की कार्यकारी समिति ने 19 अगस्त को यहां हुई बैठक में अपने मौजूदा संविधान में किए गए संशोधनों को मंजूरी दे दी थी। आईओए के एक अधिकारी ने पीटीआई से कहा, ''यह महज औपचारिकता होगी और एसजीबीएम में बदलावों को मंजूरी देने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। बैठक छोटी होगी।'' पता चला है कि आईओए के संशोधित संविधान का शुरुआती मसौदा पहले ही अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) को भेजा जा चुका है। आम सभा आईओए के चुनाव की संभावित तारीख पर भी चर्चा करेगी जो दिसंबर में होने हैं। दिग्गज फर्राटा धाविका पीटी उषा की अगुवाई वाले मौजूदा पदाधिकारियों को 10 दिसंबर 2022 को चार साल के कार्यकाल के लिए चुना गया था। नए पदाधिकारियों के चुनाव से पहले खिलाड़ी आयोग का पुनर्गठन करना होगा और 'स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ मेरिट' का चयन करना होगा जिससे कि वे पदाधिकारियों के चुनाव के लिए आम सभा के मतदान करने वाले सदस्य बन सकें। राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम 2025 के अनुरूप खुद को ढालने के लिए आईओए के सामने कुछ पेचीदा मुद्दे हैं जिनमें उम्र और कार्यकाल से जुड़े दिशानिर्देश भी शामिल हैं। सरकार ने इसे जनवरी में अधिसूचित किया था। आईओए के मौजूदा संविधान के अनुसार चुनाव की तारीख तक 70 वर्ष की आयु पूरी कर चुका कोई सदस्य पदाधिकारी के किसी पद के लिए पात्र नहीं है। हालांकि एनएसजीए के तहत 70 से 75 वर्ष की आयु वाला व्यक्ति भी चुनाव लड़ सकता है या नामांकन मांग सकता है, बशर्ते अंतरराष्ट्रीय चार्टर और नियम इसकी अनुमति देते हों। आईओए के संविधान में यह भी प्रावधान है कि कोई सदस्य लगातार दो कार्यकाल से अधिक समय तक पदाधिकारी के एक या अधिक पद पर नहीं रह सकता।

## यूएस ओपन : अल्काराज ने टॉमी पॉल को हराया

न्यूयॉर्क, 7 सितंबर। गत चैंपियन कार्लोस अल्कराज ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए यूएस ओपन 2026 के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। दूसरी वरीयता प्राप्त स्पेनिश खिलाड़ी ने रविवार को आर्थर ऐश स्टेडियम में अमेरिका के टॉमी पॉल को 6-4, 6-3, 6-4 से हराया। अल्कराज इस साल फ्लशिंग मीडोज में लगातार दूसरा खिताब जीतने की कोशिश में हैं। चोट के कारण करीब चार महीने कोर्ट से बाहर रहने के बावजूद उन्होंने साल के आखिरी ग्रैंड स्लैम में अब तक शानदार फॉर्म दिखाई है। टॉमी पॉल पर जीत के साथ उनकी ग्रैंड स्लैम मुकाबलों में लगातार जीत का सिलसिला 18 मैच तक पहुंच गया है। अल्कराज ने कहा, मैं यह देखकर बहुत खुश हूं कि इस समय मेरा स्तर कहां है। टॉमी को हराना हमेशा अच्छी प्रतिक्रिया देता है और इससे पता चलता है कि आप इस समय किस स्तर पर हैं।

## अरुणाचल प्रदेश से 3-1 से हारी राजस्थान टीम

नारायणपुर, 7 सितम्बर। नारायणपुर में आयोजित जूनियर बॉयज फुटबॉल चैंपियनशिप ट्रॉफी में राजस्थान की टीम को सेमीफाइनल मुकाबले में अरुणाचल प्रदेश की मजबूत टीम के हाथों 3-1 से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, पूरी प्रतियोगिता में राजस्थान टीम का प्रदर्शन शानदार रहा। लंबे समय के बाद राजस्थान की टीम ने सेमीफाइनल में जगह बनाई और सभी खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया।

सेमीफाइनल मुकाबले की शुरुआत से ही अरुणाचल प्रदेश की टीम ने राजस्थान पर लगातार आक्रमण किए। राजस्थान की रक्षापंक्ति के खिलाड़ियों ने शानदार बचाव करते हुए कई हमलों को नाकाम किया। इसके बावजूद मैच के 16वें मिनट में अरुणाचल प्रदेश की टीम ने पहला गोल कर 1-0 की बढ़त बना ली। इसके बाद राजस्थान के खिलाड़ियों ने भी आक्रामक खेल दिखाया और लगातार हमले किए। मैच के 26वें मिनट में अरुणाचल प्रदेश ने एक और गोल कर अपनी बढ़त 2-0 कर ली। राजस्थान ने हार नहीं मानी और शानदार वापसी करते हुए मैच के 45वें मिनट में हर्षवर्धन ने गोल कर स्कोर 2-1 कर दिया।

मध्यांतर के बाद दोनों टीमों ने एक-दूसरे पर लगातार हमले किए। मुकाबला काफी रोमांचक रहा। इसी दौरान अरुणाचल प्रदेश की टीम ने एक और गोल कर स्कोर 3-1 कर दिया। इसके बाद राजस्थान के खिलाड़ियों ने कई जोरदार हमले किए, लेकिन गोल करने में सफलता नहीं मिल सकी।

अंततः राजस्थान टीम को 3-1 से हार का सामना करना पड़ा और उसका प्रतियोगिता में सफर सेमीफाइनल में समाप्त हो गया। लंबे समय बाद सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली राजस्थान टीम के सभी खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया।

## फीफा चुनाव 2027 बना जियानी इन्फेंटिनो के लिए अग्निपरीक्षा, घटते समर्थन और कानूनी लड़ाईयों के बीच पेश की दावेदारी

नई दिल्ली, 7 सितम्बर। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो के भविष्य को लेकर चल रही अटकलों पर अब काफी हद तक विराम लगता दिख रहा है। नेतृत्व को लेकर बढ़ती आलोचना और संभावित कानूनी कार्रवाई के बीच इन्फेंटिनो ने साफ कर दिया है कि वह अगले साल होने वाले फीफा अध्यक्ष पद के चुनाव में फिर से अपनी दावेदारी पेश करेंगे। फीफा ने रविवार को इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि उनके चुनाव लड़ने की योजना में कोई बदलाव नहीं हुआ है। फीफा के प्रवक्ता ने बयान जारी कर कहा कि इन्फेंटिनो 2027 में अध्यक्ष पद के लिए दोबारा चुनाव लड़ेंगे। इससे कुछ घंटे पहले ही पोलैंड में अंडर-20 महिला विश्व कप के दौरान इन्फेंटिनो से उनके राजनीतिक और संगठनात्मक भविष्य को लेकर सवाल पूछे गए थे, लेकिन उन्होंने सीधे तौर पर कोई जवाब देने से परहेज किया था। बता दें कि 56 वर्षीय जियानी इन्फेंटिनो ने इसी साल अप्रैल में ही 2027 के चुनाव में दोबारा उतरने की घोषणा कर दी थी। हालांकि, पिछले कुछ समय में फीफा के भीतर और उसके बाहर उनके नेतृत्व को लेकर असंतोष बढ़ा है। खास तौर पर विश्व कप से जुड़े कमर्शियल अधिकारों को निजी निवेशकों को देने की उनकी योजना को लेकर कई फुटबॉल संगठनों और आलोचकों ने सवाल उठाए हैं। इन्फेंटिनो ने कहा कि इस विषय पर बहुत कुछ कहने को है, लेकिन उसके लिए सही जगह और सही समय होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि उस दिन उनका ध्यान फुटबॉल पर था और फीफा दुनिया के हर हिस्से को फुटबॉल में भाग लेने का अवसर देने के लिए काम करता रहेगा।

## जिला क्रिकेट संघ दौसा : अंडर-19 टीम दौसा ने चित्तौड़गढ़ को 109 रनों से हराया

जयपुर, 7 सितम्बर। जिला क्रिकेट संघ सचिव बृज किशोर उपाध्याय ने बताया कि राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा अंडर-19 टीम के लीग मैच का आखिरी पांचवा मुकाबला आज जयपुर में लक्ष्य क्रिकेट ग्राउंड पर चित्तौड़गढ़ से हुआ जिसमें दौसा ने 109 रनों से जीत दर्ज की है दौसा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर निर्धारित 50 ओवर में 212 रन बनाएं दौसा की ओर से योगेश सैनी ने दोबारा लगातार अर्धशतक लगाया योगेश सैनी ने 66 रनों की पारी खेली, लक्ष्य का पीछा करते हुए चित्तौड़गढ़ की टीम महज 30 ओवर में 106 रन पर ऑल आउट हो गई और दौसा टीम के गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी की आदित्य भट्ट ने चार विकेट लिए योगेश मेरोठा ने 3 विकेट और कप्तान जतिन

सैनी ने दो विकेट लिए और अविनेश गुप्ता ने एक विकेट लिया और दौसा टीम ने यह मुकाबला 106 रनों से जीत लिया। इससे पूर्व दौसा का चौथा मैच बारिश से बाधित हुआ। सचिव बृज किशोर उपाध्याय ने बताया कि दौसा जिले में जिले के ही मूलनिवासी खिलाड़ियों को ही खिलाया जा रहा है हमने कोई प्रोफेशनल खिलाड़ियों को इस टीम में शामिल नहीं किया है इनको तीन साल से खूब मौके दिए जा रहे।

## राज्य स्तरीय अंडर-19 डूंगरपुर ट्रॉफी : दौसा, बांसवाड़ा, सिरोही, झुंझुनूं, अलवर, अजमेर जीती

जयपुर, 7 सितम्बर। राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वाधान में जयपुर में खेली जा रही राज्य स्तरीय अंडर 19 डूंगरपुर ट्रॉफी व राज्य स्तरीय अंडर 16 प्रतियोगिता के आज खेले गए लीग मैचों के परिणाम :- राज्य स्तरीय अंडर 19 डूंगरपुर ट्रॉफी (दौसा, बांसवाड़ा, सिरोही, जालोर, अलवर, अजमेर जीती), अजमेर - चूरू मैच (अजमेर जीती), करौली - बांसवाड़ा मैच (बांसवाड़ा जीती), सिरोही - डूंगरपुर मैच (सिरोही जीती), बारां - अलवर मैच (अलवर जीती), दौसा - चित्तोड़ मैच (दौसा जीती), जालोर - पाली मैच (जालोर मैच), बूंदी - बीकानेर मैच (बीकानेर जीती), झुंझनू-राजसमंद (झुंझनू जीती)।

## किशन एम. रूंगटा मेमोरियल गोल्फ में पुष्पेंद्र राठौर विजेता, डॉ. देवेंद्र उप विजेता

जयपुर, 7 सितम्बर। जयपुर के रामबाग गोल्फ क्लब में आयोजित मासिक मेडल आठवें संस्करण के किशन एम रूंगटा मेमोरियल गोल्फ प्रतियोगिता में डॉ देवेंद्र कुमार ने 0 से 09 हैंडीकैप वर्ग में 37 अंक प्राप्त कर उप विजेता बने। वहीं इसी वर्ग में पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ 38 अंकों के साथ विजेता बने। 10 से 16 हैंडिकैप्ड संवर्ग में विनोद कुमार शर्मा विजेता और प्रियांशु मॉडगिल उपविजेता रहे। अन्य हैंडिकैप्ड संवर्ग 17 से 24 में विजेता गौरव भल्ला और अनुज लोहारिया विजेता बने। प्रो ग्रॉस विनर श्रेणी में मनोविराज शेखावत विजेता व गिरिराज खड़का उपविजेता रहे। एमेच्योर ग्रॉस विजेता कृष यादव और उप विजेता दीप करण सिंह रहे। टूर्नामेंट में बेस्ट लीजेंड गोल्फर श्रेणी में डॉ एच एस भसीन, बेस्ट सीनियर गोल्फर श्रेणी में सतीश राजोरिया, बेस्ट लेडी गोल्फर में ईवा सोनी विजेता रहे।

## डूरंड कप चैम्पियन ईस्ट बंगाल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सौंपी प्रेसिडेंट्स कप ट्रॉफी

नई दिल्ली, 7 सितंबर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में डूरंड कप-2026 की विजेता टीम ईस्ट बंगाल फुटबॉल क्लब को प्रेसिडेंट्स कप की ट्रॉफी सौंपी। ईस्ट बंगाल ने अगस्त में खेले गए 135वें डूरंड कप के फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी मोहन बागान सुपर जायंट को 4-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया था। यह ईस्ट बंगाल का डूरंड कप में 17वां खिताब था। इस जीत के साथ ईस्ट बंगाल ने सबसे ज्यादा डूरंड कप खिताब जीतने के मामले में मोहन बागान की बराबरी कर ली।

## डिफेंडिंग चैम्पियन हनुमानगढ़ को पेनल्टी शूटआउट में हराकर जयपुर बना राजस्थान का नया राज्य चैम्पियन

चूरू, 7 सितम्बर। राजस्थान राज्य सब-जूनियर बालक फुटबॉल चैम्पियनशिप के फाइनल में जयपुर जिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डिफेंडिंग चैंपियन डीएफए हनुमानगढ़ को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराकर राजस्थान का नया राज्य चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा और निर्धारित समय तक दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर सकीं। मुकाबला 0-0 पर समाप्त होने के बाद पेनल्टी शूटआउट में पहुंचा। जयपुर की ओर से गीतांश, श्रीवत्स, स्वस्तिक और राघव ने अपनी पेनल्टी को गोल में बदलते हुए टीम को 4-3 से जीत दिलाई। पेनल्टी शूटआउट में नव्या मित्तल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हनुमानगढ़ की दो पेनल्टी बचाईं, जो जयपुर की खिताबी जीत में निर्णायक साबित हुईं। उनके शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें फाइनल का मैन ऑफ द मैच चुना गया।

पूरे टूर्नामेंट में जयपुर के मुख्य गोलकीपर आरव ने सभी मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया। उनकी बेहतरीन गोलकीपिंग के लिए उन्हें टूर्नामेंट का बेस्ट गोलकीपर चुना गया। जयपुर ने पूरे टूर्नामेंट में सिर्फ एक गोल गंवाया, जो टीम की मजबूत डिफेंस और गोलकीपिंग का प्रमाण है। इस ऐतिहासिक अभियान में मुख्य प्रशिक्षक हर्ष चौधरी के नेतृत्व और रणनीतिक योजना की महत्वपूर्ण भूमिका रही। क्वार्टरफाइनल में कोटा और सेमीफाइनल में अजमेर को हराने के बाद जयपुर ने फाइनल में डिफेंडिंग चैंपियन हनुमानगढ़ को मात देकर खिताब अपने नाम किया। टीम के सफल अभियान में टीम मैनेजर जीवन थापा का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

जयपुर टीम की सिलेक्शन कमेटी में सतीश जांगिड़ और हितेश शर्मा महत्वपूर्ण सदस्य रहे। सतीश जांगिड़ राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के टेक्निकल डायरेक्टर हैं और राजस्थान में फुटबॉल के विकास तथा खिलाड़ियों की प्रतिभा को पहचानने और आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वहीं हितेश शर्मा अपने खेल के समय के शानदार और अनुभवी फुटबॉलर रहे हैं। उनका लंबा खेल अनुभव और तकनीकी समझ युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा का आकलन करने में महत्वपूर्ण रही।

जयपुर की इस शानदार उपलब्धि पर जयपुर के सीनियर खिलाड़ियों ने पूरी टीम को बधाई दी और खिलाड़ियों एवं कोचिंग स्टाफ के प्रदर्शन की सराहना की। जयपुर ने शानदार टीमवर्क, अनुशासन और जीत की मानसिकता के साथ पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए राजस्थान राज्य सब-जूनियर फुटबॉल का खिताब अपने नाम किया।

## आरपीसी कप के फाइनल में टीम जयपुर रही विजेता, नाइट पोलो देखने उमड़ी दर्शकों की भारी भीड़

जयपुर, 7 सितंबर। सितंबर जयपुर पोलो सीजन 2026 के तहत सोमवार रात को राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर आरपीसी कप टूर्नामेंट (04 गोल्स) का फाइनल खेला गया। यह मुकाबला फ्लडलाइट्स की रोशनी में टीम जयपुर और टीम रामबाग/मेफेयर पोलो के बीच आयोजित हुआ। मुकाबले में टीम जयपुर 11-6 के स्कोर से टीम रामबाग/मेफेयर पोलो को हराकर टूर्नामेंट की विजेता बनी। नाइट पोलो को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला। राजस्थान पोलो क्लब में मैच देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। इस अवसर पर पद्मनाभ सिंह ने कहा कि "आज नाइट पोलो मुकाबला देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक उमड़े, जो लोगों के बीच पोलो के खेल की लोकप्रियता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि अब प्रत्येक गुरुवार और शनिवार को नाइट पोलो मैच आयोजित किए जाएंगे।" विजेता टीम जयपुर से पद्मनाभ सिंह ने 6 गोल, कुलदीप सिंह राठौड़ ने 3 गोल और विश्वराज सिंह राठौड़ ने 2 गोल हासिल किए। टीम से अक्षय मलिक भी खेले। वहीं, टीम रामबाग/मेफेयर पोलो की ओर से हुर्र अली ने 3 गोल, प्रताप सिंह कानोता ने 2 गोल और सिद्धांत सिंह ने 1 गोल किया। टीम में अनय शाह भी शामिल रहे।

**आरपीसी कप- ( 4 गोल्स ) के लिए आज से शुरु होंगे मुकाबले-** सितंबर जयपुर पोलो सीजन 2026 के अंतर्गत मंगलवार से सीजन के दूसरे टूर्नामेंट आरपीसी कप- (4 गोल्स) की शुरुआत होगी। इस टूर्नामेंट के पहले मैच 8 सितंबर, मंगलवार को पीपीसी ग्राउंड न. 3 पर खेले जाएंगे। पहला मुकाबला शाम 4 बजे टीम रामबाग/कानोता/मेफेयर पोलो और टीम मेफेयर पोलो एस्टेट के बीच होगा। वहीं, दूसरा मुकाबला शाम 5 बजे टीम वी पोलो और टीम आरपीसी-सीएवी के बीच खेला जाएगा।